Roll No................ Total No. of Sections : 3

Total No. of Printed Pages : 6

Online Annual Examination, 2022

Code No. : BA-104

B.A. I

HINDI LITERATURE

Paper II

[हिन्दी कथा साहित्य]

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 75

नोट: खण्ड 'अ' अति लघु उत्तरीय प्रकार का, जिसमें दस प्रश्न हैं, अनिवार्य है। खण्ड 'ब' में लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं एवं खण्ड 'स' में दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। खण्ड 'अ' को सबसे पहले हल किया जाना है।

खण्ड 'अ'

निम्नांकित अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर **एक या दो** वाक्यों में दीजिए। **[1 × 10 = 10]**

1. जालपा ने 'रमानाथ' का पता लगाने क्या किया ?
2. प्रेमचंद जी के 'गबन' उपन्यास को छोड़कर दो अन्य उपन्यासों के नाम लिखिए।
3. 'चम्पा' किस कहानी का पात्र है ?

P.T.O.

4. 'परदा' कहानी के लेखक का नाम बताइये।
5. 'सिरचन' को क्या-क्या बनाना आता था ?
6. 'वाहिद' किस कहानी का पात्र है ?
7. शिवाजी के दो उपन्यासों के नाम लिखिए।
8. 'चीफ की दावत' कहानी के बॉस ने शामनाथ की माँ से क्या बनाने का आग्रह किया ?
9. उपेन्द्रनाथ अश्क के दो कहानी संकलन का नाम लिखिए।
10. विभाजन की त्रासदी का वर्णन किस कहानी में किया गया है ?

खण्ड 'ब'

निम्नांकित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग **150-200** शब्द सीमा में दीजिए। **[5 × 5 = 25]**

1. 'गबन' उपन्यास के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'गबन' उपन्यास की 'संवाद-योजना' को स्पष्ट कीजिए।

2. 'कफन' कहानी की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'परदा' कहानी का सारांश संक्षेप में लिखिए।

3. 'चीफ की दावत' कहानी की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

अथवा

मलबे का मालिक कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

4. शिवानी के व्यक्तित्व तथा कृतित्व का परिचय दीजिए।

अथवा

उपेन्द्रनाथ 'अश्क' की कहानी-कला पर प्रकाश डालिए।

5. उपन्यास और कहानी के अन्तर को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

हिन्दी कहानी में 'जयशंकर प्रसाद' के योगदान पर टिप्पणी लिखिए।

खण्ड 'स'

निम्नांकित दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग **300-350** शब्द सीमा में दीजिए।

1. गद्यांशों की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए—

[8 × 2 = 16]

(क) "गहनों का मरज न जाने इस दरिद्र देश में कैसे फैल गया। जिन लोगों के पास भोजन का ठिकाना नहीं, वे गहनों के पीछे प्राण देते हैं। हर साल अरबों रुपये केवल सोने-चाँदी खरीदने में

व्यय हो जाते हैं। संसार के और किसी देश में इन धातुओं की इतनी खपत नहीं। तो बात क्या है ? उन्नत देशों में धन व्यापार में लगता है, जिससे लोगों की परवरिश होती है, और धन बढ़ता है। यहाँ धन शृंगार में खर्च होता है।"

अथवा

"मानव जीवन की सबसे महान घटना कितनी शांति के साथ घटित हो जाती है। वह विश्व का एक महान अंग, वह महत्वाकांक्षाओं का प्रचंड सागर, वह उद्योग का अनंत भंडार, वह प्रेम और द्वेष, सुख और दुःख का लीला-क्षेत्र, वह बुद्धि और बल की रंगभूमि न जाने कब और कहाँ लीन हो जाती है, किसी को खबर नहीं होती। मानवीय जीवन उस हिलोर के सिवा, उस ध्वनि के सिवा और क्या है। उसका अवसान भी उतना ही शांत, उतना ही अदृश्य हो तो क्या आश्चर्य है।"

(ख) जिस समाज में रात-दिन मेहनत करने वालों की हालत उनकी हालत से कुछ बहुत अच्छी न थी और किसानों के मुकाबले में वे लोग, जो किसानों की दुर्बलताओं से लाभ उठाना जानते थे, कहीं ज्यादा सम्पन्न थे, वहाँ इस तरह की मनोवृत्ति का पैदा हो जाना कोई अचरज की बात न थी। हम तो कहेंगे, घीसू किसानों से कहीं ज्यादा विचारवान था और किसानों के विचार शून्य समूह में शामिल होने के बदले बैठक बाजों की कुत्सित मंडली में जा मिला था।"

अथवा

बाजार बांसा की वह आग अमृतसर की सबसे भयानक आग थी जिससे कुछ देर के लिए तो सारे शहर के जल जाने का अन्देशा पैदा हो गया था। बाजार बांसा के आसपास के कई मोहल्लों को तो उस आग ने लपेट में ले ही लिया था। खैर किसी तरह वह आग काबू में आ गयी, पर उसमें मुसलमानों के एक-एक घर के साथ हिन्दुओं के भी चार-चार, छः-छः घर जलकर राख हो गये थे।"

2. निम्नांकित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर अधिकतम **350** शब्दों में दीजिए— **[8 × 3 = 24]**

(क) उपन्यास के तत्वों के आधार पर 'गबन' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

अथवा

'गबन' उपन्यास में निम्न-मध्यवर्ग की सामाजिक-आर्थिक स्थिति की व्यंजना की गई है? स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'कफन' कहानी की कथावस्तु का विश्लेषण कीजिए।

अथवा

'चीफ की दावत' कहानी के आधार पर 'शामनाथ' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) हिन्दी उपन्यास के उद्भव एवं विकास पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

अथवा

प्रेमचंदयुगीन हिन्दी कहानी पर प्रकाश डालिए।

❒ ❒ ❒ ❒ ❒ d ❒ ❒ ❒ ❒ ❒